तन पे भभूति लगाए ये गौरा के पिया | By Prakash Chauhan

तन पे भभूति लगावे गौरा के पिया
लीला ये कैसी दिखावे गौरा के पिया

कानो में कुण्डल सोहे माथे पे चंदा
शिव की जटाओ में तो बैठी है गंगा
गले में नाग लहरावे गौरा के पिया
लीला ये कैसी दिखावे गौरा के पिया

मेवा मिठाई मेरे भोले ना खावे
बेल धतूरा भांग इनको सुहावे
जल से ही राजी हो जावे गौरा के पिया
लीला ये कैसी दिखावे गौरा के पिया

मृगछाला आसन पे ही बैठे शिव शम्भू
हाथों में देखो इनके त्रिशूल डमरू
तप में ये ध्यान लगावे गौरा के पिया
लीला ये कैसी दिखावे गौरा के पिया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a4%a8-%e0%a4%aa%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a4%ad%e0%a5%82%e0%a4%a4%e0%a4%bf-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%8f-%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%97%e0%a5%8c%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%87/